nt>

Title: Need to formulate a uniform policy for admission of students to educational institutions.

श्री शैलेन्द्र कुमार : माननीय अध्यक्ष जी, पूरे देश में विश्वविद्यालयों में प्रवेश का मामला बड़ा गंभीर होता जा रहा है। प्राइमरी स्कूल से लेकर विश्वविद्यालय तक में आज छात्रों के लिए प्रवेश लेना कठिन होता जा रहा है। मैं भारत सरकार से मांग करता हूं कि वह समान प्रवेश नीति को लागू करे। सर्वशिक्षा अभियान शुरु हो और चाहे गरीब बच्चे या मध्यम वर्ग या उच्च वर्ग के बच्चे - सब एक साथ शिक्षा ग्रहण कर सकें। पूरे देश के लिए यह एक गम्भीर मामला है। इन वर्गों के बच्चे स्कूलों में प्रवेश नहीं पा रहे हैं। इसके साथ ही विश्वविद्यालयों या स्कूलों में जो आरक्षण लागू है, उसका पालन नहीं हो रहा है। मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि स्कूलों में प्रवेश नीति को सरल बनाते हुए समान शिक्षा नीति के तहत अभियान शुरु किया जाए, जिसमें सभी को प्रवेश मिल सके और सब शिक्षा ग्रहण कर सकें।